	1990		1991		1992		1993		1994	
राजस्थान	58	11954	176	42168	27	4559	3	45	17	1795
गुजरात	0	0	2	23	49	3165	0	0	0	0
योग	347	71736	391	86116	118	10781	43	1745	153	3290
एआई/आईएस ड्यूटी										
जम्मू व कश्मीर	659	62297	1082	63571	1268	70494	840	520731	942	40491
पंजाब	232	10613	545	15454	194	6337	0	0	0	0
योग	891	72910	1627	79025	1462	74131	840	52731	942	40491
कुल योगः	1238	144646	2018	165141	1580	84918	883	54476	1095	44231े

विदेशी में कार्यरत श्रमिक

2255. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे**: क्या विदेशी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय मिशन विदेशों में कार्यरत भारतीय श्रमिकों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) क्या विदेशों में भारतीय श्रमिकों के बारे में संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती है जिससे वे इन श्रमिकों पर ध्यान दे सकें;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं अथवा उठाये जा रहे हैं?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. एल. भाटिया) : (क) और (ख) हमारे मिशन भारतीय कार्मिकों की उन शिकायतों पर उचित ध्यान देते हैं जो उन के ध्यान में लाई जाती हैं।

(ङ) और (ड) विदेश स्थित हमारे मिशनों में, विशेष रूप से उन स्थानों पर जहां बड़ी संख्या में भारतीय कार्मिक हैं, जैसे कि खाड़ी में, तैनात अधिकारियों को मंत्रालय में संबंधित प्रभावों के साथ संलग्र करके आवश्यक परिस्थिति से परिचित कराया जाता है और जहां आवश्यक होता है, सरकार की अन्य शाखाओं से संलग्र करके उन्हें सरकार के स्थायी आदेशों से परिचित कराया जाता है और इस बात की भी जानाकारी दी जाती है कि भारतीय कार्मिकों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में तेल की खोज

2256. **प्रो राम बख्श सिहं वर्मा** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज हेतु कोई सर्वेक्षण कराया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी धनराशि खर्च कि गई है;

(ग) तेल के कितने कुओं की खुदाई की गई है ओर गैस के कितने भंडारों का पता लगाया गया है; और

(घ) किन-किन स्थानों पर गैस के भंडार मिले हैं और उनका ब्यौरा क्या हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के (राज्य मंत्री) (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, हां।

(ख) तेल एवं प्राकृतिक गैस के अन्वेषण के लिए उत्तर प्रदेश में किए गए भूवैज्ञनिक सर्वेक्षणों का विवरण निम्नानुसार है:

(1) भूवर्गीय सर्वेक्षण	-25627 वर्ग कि.मी अर्द्ध विस्तृत अध्ययन आरेखन
	4170 वर्ग कि.मी का विशेष अध्ययन
(2) गुरूत्व चुम्बकस्व सर्वेक्षण	- 55945 स्टेशन
(3) भूकंपी सर्वेक्षण	- झिआयामी 10614 जी एल के 31233 एस एल के 3763 एल के

(4) वायु – चुम्बकीय सर्वेक्षण	-29193 के. एस . एस*
(5) संरचनात्मक वेधन	-6 कूप (5318मीटर)

वायु-चुम्बकीय सर्वेक्षण द्वारा किए गए क्षेत्र में बिहार का भी कुछ भाग शामिल हैं।

अब तक उत्तर प्रदेश में सर्वेक्षण पर करीब 73 करोड़ रूपए का व्यय उपगत हुआ है।

(ग)उत्तर प्रदेश में सात अन्वेषण कूपों का वेधन किया गया है। तथापि , हाइडोकार्बन नहीं मिला है।

(घ) उत्तर प्रदेश में कोई गैस भंडार सिद्ध नहीं हुआ है।

Guidelines to Detect Spurious Gas Cylinders

2257. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the procurement cost of 14.2 Kg empty LPG cylinder and its book value after one year of its purchase;

(b) whether any list indicating the number and series of the LPG Cylinder procured by the Oil Corporation are circulated to their respective distributors[7]
Area Offices of the Oil Corporation;

(c) whether any criteria/guidelines have been issued by the Ministrytespective Oil Corporations to detect spurious gas cy linder;

(d) if so, the date and other details circulated to the distributors to enable them to detect the induction of such spurious cyliders in the system; and

(e) if not, the relief to be granted by the respective Oil Corporation to the honest distributors cheated by unscrupulous persons?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) The procurement cost of a 14.2 Kg cylinder comes to around Rs. 900 per cylinder inclusive of cost of value and excise duty, sales tax and freight. The cost of cylinder is zero after full capitalisation.

(b) No, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) Area oiffices controlling the distributors issue guidelines to the distributors from time to time for their education and detection of spurious cylinders.

(e) Does not arise in view of (d) above.

UNDP Aid for Forest Fires

2258. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government are seeking UNDP aid for training and implementing
programmes for forest fires;

'(b) the quantum of aid sought from UNDP;

(c) the quantum of aid given by UNDP;

(d) how are these funds spent; and

(e) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINSTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH-): (a) No, Sir.

(b) to (e) Do not arise.

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यानों/ अभयारण्यों को बाघ परियोजना में सम्मिलित किये जाने संबंधी प्रस्ताव

2259. **श्री गोविन्दराम मिरी**:

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता:

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि:

(ख) क्या मध्य प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उद्यानों / अभयारण्यों को बाघ परियोजना में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां,तो इसकी स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी?